NCC 36 झारखंड बटालियन

गुरु नानक कॉलेज धनबाद (6/36 coy)

RD कैंप (दिल्ली) ,

दिनांक 20.01.2024

नेशनल कैडेट कोर (NCC) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित RD कैंप में 36 झारखंड बटालियन के Coy 6/36 गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के तीन कैडेटों ने RD परेड में अपने बटालियन का प्रतिनिधित्व किया। देश के विभिन्न बटालियन से एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों ने हिस्सा लिया। इस कैंप में अवसर प्राप्त करने से पहले CATC जैसे कठिनाई भरे तीन कैंपों को सफलतापूर्वक पूर्ण करना पड़ता है। जिसमें 36 झारखंड बटालियन के नेतृत्व में कंपनी नंबर 6/36 एनसीसी गुरु नानक कॉलेज, धनबाद से अंडर ऑफिसर गौरव कुमार, पिता- रामप्रसाद सिंह, रजिस्ट्रेशन नंबर- 306940/21, अंडर ऑफिसर मुकेश कुमार सिंह, पिता- विश्वामित्र सिंह,रजिस्ट्रेशन नंबर-306969/21, सर्जेंट मनजीत चौहान, पिता- धर्मवीर चौहान, रजिस्ट्रेशन नंबर- 306846/22 ने RD-1 कैंप में ट्रेनिंग के दौरान निरंतर संघर्षों से जूझते हुए सफलतापूर्वक कैंप को पूर्ण किया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर कैप्टन संजय सिंह ने कडेटों की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद ने सभी कैडेट की भूरि- भूरि प्रशंसा करते हुए, इस गौरवान्वित क्षण पर साधुवाद किया तथा जीवन में निरंतर ऐसी सफलताप्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने पूर्व में भी प्राप्त ऐसी कई सफलताओं पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कैडेटों का उत्साहवर्धन किया ताकि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो।

Galaxy A23 5G